प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 17 जनवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल ने युवा संगम के तहत उत्तराखंड से आए युवाओं के साथ संवाद किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज उत्तराखंड से 'युवा संगम कार्यक्रम' के तहत झारखंड की यात्रा पर आए युवाओं के साथ राज भवन में संवाद करते हुए कहा कि भारत पूरे विश्व में 'विविधता में एकता' का अद्वितीय और उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है।

राज्यपाल महोदय ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पहल को माननीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता बताते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान के माध्यम से एकता और सद्भाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी संस्कृति, आर्थिक समृद्धि और नवाचारों को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल महोदय ने झारखंड और उत्तराखंड के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों का गठन वर्ष 2000 में हुआ था और लोकसभा सदस्य के रूप में इनके गठन के पक्ष में उन्होंने अपना मत दिया था। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि कहा जाता है, अपने पवित्र तीर्थस्थलों और हिमालय की छटा के लिए प्रसिद्ध है। वहीं, झारखंड अपनी खनिज संपदा, सांस्कृतिक धरोहर और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। पर्यटन के क्षेत्र में यहाँ अपार संभावनाएँ हैं, विश्वप्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा वैद्यनाथ समेत कई मंदिर आस्था के प्रमुख केंद्र हैं।

राज्यपाल महोदय ने आईआईटी (आईएसएम), धनबाद द्वारा इस कार्यक्रम की मेज़बानी और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रसन्नता का विषय है कि आईआईटी (आईएसएम), धनबाद के विद्यार्थियों ने हाल ही में उत्तराखंड की यात्रा कर वहाँ की संस्कृति और शिक्षा का अनुभव प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में इस कार्यक्रम का नोडल संस्थान आईआईटी रुड़की है। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित संस्थान का व्यक्तिगत रूप से उनका जुड़ाव भी है।

राज्यपाल महोदय ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी ऊर्जा और नवाचार भारत को नई ऊँचाइयों पर ले

जाने में सहायक होगा। उन्होंने युवाओं से आह्‌वान किया कि वे इस कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाएँ।

उक्त अवसर पर उत्तराखंड से आए हुए युवाओं ने राज्य के संदर्भ में अपना विचार रखा। विदित हो कि उत्तराखंड से युवा पाँच दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं और आज उनका राज्य में दूसरा दिन है।